की बात लागू करके रक्त निरापदता को बढ़ावा देना और रक्त का युक्तिसंगत उपयोग;

(v) निगरानी और निदान के लिए क्षमता का सुदृढ़ीकरण; और

(vi) एच.आई.वी./एड्स के रोगियों के नैदानिक उपचार में प्रशिक्षण प्रदान करना।

दिल्ली में सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी

2045. **श्रीमती शबाना आज़मी** :
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच हैं कि दिल्ली में सरकारी अस्पतालों में कार्य करने हेतु डॉक्टरों की स्वीकृत संख्या की तुलना में कम डॉक्टर कार्यरत हैं;

(ख) यदि हां, तो दिल्ली के प्रत्येक सरकारी अस्पताल के लिए डॉक्टरों की स्वीकृत संख्या कितनी –कितनी हैं और मई, 1998 की स्थिति के अनुसार उनमें कितनी-कितनी संख्या में डॉक्टर कार्यरत थे; और

(ग) डॉक्टरों को निर्धारित संख्या को कम संख्या में नियुक्त करने के क्या कारण थे और सभी रिक्त पद कब तक भर दिये जाने की संभावना हैं?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री सुरेश प्रभु) : (क) से (ग) दिल्ली में केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों में केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के स्वीकृत पदों की संख्या नीचे दी गई हैं:-

अस्पतालों के नाम	स्वीकृत संख्या	भरे हुए
डा. राम मनोहर लोहिया अस्पातल	162	123
लेडी हार्डिग मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्व अस्पताल	146	133
सफदरजंग अस्पातल	271	218
	579	474

केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों में सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र देने, पदों के सृजन, मृत्यु आदि के कारण डाक्टरों के स्थान खाली होते रहते हैं। रिक्त पदों को भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग को मांगपत्र भेजे जा चुके हैं।

देश में एड्स रोगी

2046. **श्री ओंकार सिंह लखावत** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में इस समय एड्स रोगियों की राज्यवार संख्या कितनी हैं; और

(ख) देश में एड्स से अब तक कुल कितने व्यक्ति मर चुके हैं?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री सुरेश प्रभु) : (क) 31 मई 1998 तक भारत में एड्स रोगियों की कुल संख्या 6062 हैं। राज्यवार ब्यौरा विवरण में संलग्न है। (**नीचे देखिए**)

(ख) 31 दिसम्बर, 1997 तक सूचित की गई एड्स से संबंधित कुल मौतों की संख्या 1039 हैं।

विवरण

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम भारत, भारत में एड्स रोगी (रा.ए.वि. संगठन को सूचित किए गए)

(31 **मई**, 1998 **की स्थिति के अनुसार**)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	एड्स रोग
1.	आंध्र प्रदेश	43
2.	असम	22
3.	अरूणाचल प्रदेश	0
4.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0
5.	बिहार	3
6.	चंडीगढ़ (संघ राज्यक्षेत्र)	
7.	पंजाब	100
8.	दिल्ली	214
9.	दमन एवं द्वीव (संघ राज्यक्षेत्र)	1
10.	दादर एवं नगर हवेली	0
11.	गोवा	12
12.	गुजरात	134
13.	हरियाणा	1
14.	हिमाचल प्रदेश	9
15.	जम्मू ओर कश्मीर	2
16.	कर्नाटक	136
17.	केरल	106
18.	लक्ष्य द्वीप (संघ राज्यक्षेत्र)	0
19.	मध्य प्रदेश	208